10 korba-pg1_Layout 1 5/10/2025 11:23 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 11 मई 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 लायंस स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित



## खबर संक्षेप

### बीकेकेएसएस ने गेवरा एरिया में की पदाधिकारियों की नियुक्ति

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा खदान में सेफ्टी का मुद्दा हमेशा से चर्चा का विषय बना हुआ है। एरिया सलाहकार समिति सदस्य में मदन सिंह और राम नारायण साहू साथ ही साथ वेलफेयर समिति में मणिकांत और हेमराज राव और एरिया सेफ्टी में वरिष्ठ राजकुमार त्रिपाठी और संगठन के सबसे युवा चंद्रशेखर राठौर को जो कि वर्तमान में मीडिया प्रभारी का दायित्व सभाल रहे है उन्हें एरिया सेफ्टी समिति का सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।
एसईसीएल खदान में सेफ्टी विभाग मुख्य होता है क्योंकि लोगों को सेफ्टी विभाग से जुड़े हुए महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारियां उन तक पहुंचने का काम किया जाएगा क्या सेफ्टी नियमों का पूरा पालन कर रहे हैं या नहीं जिससे घटना दुर्घटना को अंकुश लगाया जा सके एवं उससे कैसे बचाना है और कैसे खदान के अंदर सुरक्षा मापदंडों को ध्यान में रखकर काम करना है यह एक बड़ी चुनौतियां होती है। जो सेफ्टी विभाग एक महत्वपूर्ण कड़ी होती है। युवा वर्ग पर भरोसा दिखाया गया है जिस कारण युवा कामगारों में काफ़ी जोश और उत्साह है।

### बस ब्रेकडाउन होने से मुख्यमार्ग में लगा जाम

**कोरबा।** शहर के मुख्य मार्ग पावर हाउस रोड सोनालिया पुल से पहले एक निजी कंपनी की बस ब्रेकडाउन हो गयी, जिसके कारण पुल के दोनों और लंबा जाम लग गया और लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। जाम की जानकारी लगने पर यातायात विभाग के एएसआई मनोज राठौर और उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था बहाल कराई और बस संचालक के ऊपर 25 सौ रुपए का जुर्माना लगाया। सोनालिया पुल पर प्रतिदिन जाम लग रहा है जिसे यातायात विभाग के कर्मी बहाल करने में जुटे रहते हैं।

### लोक अदालत का सार ना जीत ना हार : न्यायाधीश

**कोरबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा जिला एवं तहसील स्तर पर 10 मई को सभी मामलों से संबंधित नेशनल लोक अदालत का आयोजन श्री संतोष शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के अध्यक्षता में शुभारंभ किया गया। उक्त अवसर में श्रीमती नीता यादव, न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय कोरबा, श्री संतोष कुमार आदित्य, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा, श्रीमती गरिमा शर्मा, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा, डा ममता भोजवानी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी. (पाक्सो) कोरबा, श्री सुनील कुमार नन्दे, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा, श्री अविनाश तिवारी, श्रम न्यायाधीश, श्रम न्यायालय कोरबा, सुश्री सीमा प्रताप चंद्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.) कोरबा, श्री शीलू सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा, श्री सत्यानंद प्रसाद, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, कु. डॉली ध्रुव, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, कु. कुमुदिनी गर्ग, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा, श्री लव कुमार लहरे, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा, गणेश कुलदीप अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ, कोरबा, जिला अधिवक्ता संघ के अन्य पदाधिकारियों तथा न्यायालयीन कर्मचारीगण उक्त कार्यक्रम में उपस्थित थे। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में कुल 4 लाख 39 हजार 245 प्रकरण रखे गये थे, जिसमें न्यायालयों में लंबित प्रकरण 6144 एवं प्री-लिटिगेशन के 4 लाख 33 हजार 101 प्रकरण थे। जिसमें राजस्व मामलों के प्रकरण, प्री-लिटिगेशन प्रकरण आदि शामिल थे।

# बिना मुआवजा तोड़ दिया आवास, भूविस्थापित परिवार ने दी सामूहिक आत्महत्या की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एसईसीएल की दीपका विस्तार परियोजना प्रभावित ग्राम मलगांव में मकान, घर के देव स्थल एवं अन्य निजी सम्पत्तियों को जेसीबी से ध्वस्त कर व आर्थिक नुकसान पहुंचाने के संबंध में एफआईआर दर्ज कर उचित कानूनी कार्यवाही करने की मांग भूविस्थापित ने की है।

अलग खबर

कलेक्टर व अधिकारियों को दिये गये आवेदन में भूविस्थापित ग्राम मलगांव दीपका निवासी संदीप कुमार कंवर ने कहा है कि मेरा एवं मेरे पूरे परिवार का संयुक्त मकान स्थित था जिसे 30 अप्रैल को तहसीलदार दीपका अमित केरकेट्टा एवं एसईसीएल दीपका के अधिकारी रोशन मेश्राम व केसीसी कंपनी के मुंशी विकास दुबे एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा बिना नोटिस एवं बिना सूचना के दुकान, शेड एवं आवासीय घर जिसमें 8 नग शटर, 4 नग दरवाजा स्थित था जिसे बिना मुआवजा के जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया है जोकि एक गंभीर अपराधिक श्रेणी में आता है। पूरे परिवार को आर्थिक क्षति हुई है तथा घर के देव स्थल को तोड़ने से परिवार, आदिवासियों के पूर्वजों से चली आ रही धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाया गया है। मानसिक रूप से परिवार परेशान है जिससे कभी भी अप्रिय घटना घट सकता है। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी एसईसीएल दीपका प्रबंधन एवं राज्य शासन के साथ एसईसीएल दीपका के अधिकारी रोशन मेश्राम व केसीसी कंपनी के मुंशी विकास दुबे की होगी। संदीप कुमार कंवर ने कहा है कि उक्त अधिकारियों के उपर उचित कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है साथ ही कार्यवाही न होने की स्थिति पर परिवार के साथ सामूहिक आत्महत्या करने हेतु बाध्य होने की भी बात कही है।

### एसईसीएल के अधिकारियों पर लगाया आरोप

**खास बातें**

- देवस्थल सहित पूर्वजों की संपत्ति को जेसीबी से किया गया ध्वस्त



## अधिकांश हितग्राही कार्ड बनाने के बाद शहर से हैं नदारद

# कहां गए 25 हजार राशनकार्डधारी केवाईसी के लिए खोज रहा विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खाद्य विभाग 25 हजार ऐसे हितग्राही को खोज रहे हैं जो राशनकार्ड बनाने के बाद अब तक अपना केवाईसी नहीं कराया है और न ही पीडीएस दुकानों से खाद्यान्न उठाने पहुंचते हैं। खाद्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार इतने हितग्राहियों ने अब तक केवाईसी ही नहीं कराया है जबकि बीते दो वर्ष से केवाईसी का कार्य पीडीएस दुकानों में लगातार चल रहा है। उसके बावजूद इतने ही हितग्राही नहीं पहुंचे हैं दुकानों तक।

**खास बात**

- जिले में 3 लाख 50 हजार 857 राशनकार्ड में 11 लाख 54 हजार सदस्य जुड़े

जिले में राशनकार्डधारियों की संख्या 3 लाख 50 हजार 857 पहुंच चुकी है। इनमें 37 हजार 478 सामान्य राशनकार्डधारी तथा 1 हजार 653 निराश्रित राशनकार्ड धारी हैं। शेष राशनकार्डधारी बीपीएल श्रेणी के हैं, जिनकी संख्या 3 लाख 11 हजार के लगभग है। केवाईसी शुरु करने का दौर 2023-24 में शुरु हुआ और तब से लगातार केवाईसी की तारीख अदालत की पेशी की तरह बढ़ती जा रही है। किंतु हितग्राही केवाईसी कराने नहीं पहुंच रहे। खाद्य विभाग के अधिकारी कहते हैं कि 96 प्रतिशत लोगों ने केवाईसी करा ली है। हालांकि केवाईसी कराने का काम चल रहा है किंतु कुल 3 लाख 50 हजार 857 राशनकार्ड में 3 लाख 25 हजार 43 राशनकार्ड का केवाईसी हुआ है। कुल 11 लाख 54 हजार सदस्य राशन उठाते हैं। खाद्य विभाग अभी भी 25 हजार 814 राशनकार्डधारियों को खोज रहा है जो राशन नहीं उठा रहे हैं। इससे जाहिर होता है कि ये राशनकार्ड धारी शहर छोड़कर चले गए हैं। ऐसे राशनकार्डधारी कार्ड तो बना दिए गए हैं किंतु न केवाईसी कराए हैं और न ही खाद्यान्न उठा रहे हैं।



फाइल फोटो

### चल रहा केवाईसी

राशनकार्ड केवाईसी का कार्य अभी भी चल रहा है। कुल राशनकार्ड में लगभग 96 प्रतिशत राशनकार्ड की केवाईसी हो चुकी है। कुछ राशनकार्डधारी अब तक केवाईसी नहीं कराए हैं।

-मोहन सिंह कंवर, जिला खाद्य अधिकारी

### काम के सिलसिले में रहते हैं बाहर

कई राशनकार्डधारी ऐसे हैं जो अपने कार्य के दौरान जिले में पदस्थापना के समय राशनकार्ड तो बनवा लिए हैं लेकिन अब काम के सिलसिले में बाहर चले गए हैं। ऐसे राशनकार्डधारियों की संख्या निगम क्षेत्र में ज्यादा है। ज्यादातर निजी संस्थाओं में काम करने वाले राशनकार्डधारी है जिनके विषय में पीडीएस दुकान संचालकों को भी जानकारी नहीं है। ऐसे लोगों के नाम से कार्ड जरुर जारी हो चुका है। विभाग ऐसे राशनकार्डों को बोगस मानकर चल रहा है। केवाईसी नहीं होने वाले राशनकार्डधारियों के नाम से अब खाद्यान्नों का आबंटन बंद होने जा रहा है।

### फिर बंट रहे हैं राशनकार्ड

सुशासन तिहार के दौरान जिले में लगे शिविर में शहरी और ग्रामीण अंचलों में राशनकार्ड बनाने के लिए लगातार आवेदन मिले हैं और अब खाद्य विभाग इन आवेदनों का कार्यवाही करते हुए हितग्राहियों के राशनकार्ड बनाकर लगाए जा रहे समाधान शिविर में हितग्राहियों को राशनकार्ड का वितरण किया जा रहा है, इससे जिले में राशनकार्डधारियों की संख्या एक बार फिर बढ़ने जा रही है। खाद्य विभाग के मुताबिक शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में लग रहे शिविर में प्रतिदिन 20 से 25 राशनकार्ड बांटे जा रहे हैं।

# तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों पर जंगली सूअर ने किया हमला


सुअर के हमले से घायल महिला।


घायल युवती।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम गुरसिया बीट के नेटीभैसा जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों पर एक जंगली सुअर ने हमला कर दिया। घटना में तीन ग्रामीण के घायल हने की जानकारी दी जा रही हैं, जिनमें सुहानी 18 वर्ष पिता जय करण, पवारो बाई 42 वर्ष पति हीरा और गंभीर साय 80 वर्ष पिता कुमार साय शामिल हैं। इनमें सुहानी की हालत गंभीर बताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार लगभग 10-12 लोग जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ रहे थे, तभी एक मादा जंगली सुअर अचानक सामने आ गई और उन पर हमला कर दिया। भगदड़ मचने से तीन लोग उसकी चपेट में आकर घायल हो गए। अन्य ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए घायलों को करीब दो किलोमीटर दूर मुख्य मार्ग तक पहुंचाया और 112 नंबर पर कॉल कर मदद मांगी। 112 की सहायता से घायलों को पोड़ी-उपरोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों की टीम ने तत्काल उपचार किया। सूचना मिलते ही संबंधित वन विभाग की टीम अस्पताल पहुंची और घायलों को हरसंभव सहायता देने का भरोसा दिलाया। विभाग ने अपील की है कि ग्रामीण तेंदूपत्ता तोड़ने के दौरान जंगल में पूरी सावधानी और सतर्कता बरतें।

# बांगो बांध का जलस्तर पहुंचा 27 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव बांगो बांध का जलस्तर पिछले साल की तुलना में 7 मीटर तक गिर गया है। वर्तमान में बांध का जलस्तर 341.51 मीटर है, जो पिछले साल इसी समय 348.90 मीटर था। बांध में केवल 27.33 प्रतिशत पानी का भराव बचा है। जलस्तर में कमी का सीधा असर क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन केंद्र सतरेंगा और बुका पर पड़ा है। पानी कॉटेज से 200 मीटर से अधिक दूर चला जाने के कारण वन विभाग ने कॉटेज की बुकिंग बंद कर दी है। सतरेंगा में मोटर बोटिंग पूरी तरह बंद है। पर्यटकों को केवल ग्रामीण नावों से घुमाया जा रहा है। बुका में भी स्थिति चिंताजनक है। पानी कम होने से कई ठूंठ बाहर निकल आए हैं। सुरक्षा कारणों से यहां सिर्फ एक मोटर बोट का संचालन हो रहा है। वन मंडल कोरबा के एसडीओ आशीष खेलवार के मुताबिक जलस्तर बढ़ने पर ही कॉटेज की बुकिंग फिर से शुरू की जाएगी। इस स्थिति का सबसे ज्यादा असर स्थानीय लोगों की आजीविका पर पड़ा है। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं जो पर्यटकों के लिए भोजन बनाती थीं, उनका व्यवसाय ठप हो गया है। नाव चलाने वाले ग्रामीणों को रोजगार के लिए अन्य स्थानों पर जाना पड़ रहा है। गर्मी का मौसम अभी बाकी होने से जलस्तर में और गिरावट की आशंका है।

**खास बात**

- पानी 200 मीटर दूर जाने से बोटिंग और कॉटेज बुकिंग बंद


फाइल फोटो

### दो बाइक आपस में भिड़े दोनों बाइक सवार घायल

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतामढ़ी स्थित निर्मित गौमाता चौक प्रवेश द्वार पर दो बाइक आमने-सामने टकरा गई। दोनों गाड़ियों में सवार युवक दुर्घटना में घायल हो गए। बताया जाता है कि बाइक क्रमांक सीजी 12 बीए 6741 और सीजी 12 डीएफ 3842 के बीच टक्कर हुई। इनमें से एक बाइक सवार कोरबा से चांपा की तरफ जा रहा था और दूसरा कोरबा की तरफ आ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के बताए अनुसार दोनों गाड़ियां तेज रफ्तार में थी इसी वजह से मोड़ के पास पहुंचने के साथ दोनों बाइक आपस में टकराई गई। बाइक चला रहे एक चालक को सिर और चेहरे में चोट आई जबकि दूसरे को अन्य हिस्सों में चोट आई है। लोगों ने हादसे के बारे में पुलिस को अवगत कराया। कुछ देर बाद डॉयल 112 यहां पहुंची और इसके माध्यम से पीड़ितों को मेडिकल कॉलेज हास्पिटल भिजवाया गया।

# गोल्फ शॉट बॉल की राष्ट्रीय स्पर्धा में चुनी गई कुसुम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गोल्फ शॉट बॉल के राष्ट्रीय स्पर्धा में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने कोरबा की बेटी कुसुम साहू का चयन करते हुए को छत्तीसगढ़ टीम में शामिल किया गया है। कुसुम कॉलेज में प्रथम वर्ष द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा है। इस स्पर्धा के लिए वह कोरबा से चुनी गई एकमात्र खिलाड़ी है। हालांकि भारत पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के कारण फिलहाल यह स्पर्धा स्थगित कर दी गई है। गोल्फ शॉट बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से इस संबंध में सूचना जारी कर दी गई है। उल्लेखनीय होगा कि भारतीय गोल्फ शॉट बॉल महासंघ द्वारा मान्यता प्राप्त सभी संगठनों एवं इकाइयों को सूचित किया गया है कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 14 से 17 मई तक होने वाली सीनियर महिला चैंपियनशिप को भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे संघर्ष के मद्देनजर स्थानीय प्रशासन द्वारा अनुमति देने से इनकार करने के कारण स्थगित कर दिया गया है। इसलिए चैंपियनशिप की तिथियां फिलहाल रद्द कर दी गई हैं। फेडरेशन की आगामी बैठक के बाद संशोधित तिथियों और आयोजन स्थल के बारे में आगे की जानकारी साझा की जाएगी।


गोल्फ की प्रेक्टिस करती खिलाड़ी।

## सीएमपीएफ़ओ के सी-केयर्स पोर्टल में आ रही तकनीकी समस्याओं को लेकर चर्चा

# एसईसीएल में पिछले 2 महीनों में आश्रित पेंशन के निपटाए गए 120 मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल में आश्रित पेंशन से संबंधित लंबित मामलों को प्राथमिकता से हल करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके फलस्वरूप पिछले 2 महीनों में रेकॉर्ड 120 मामलों को निपटाया गया है। एसईसीएल के सतर्कता विभाग एवं मानव संसाधन विभाग तथा सीएमपीएफ़ओ की इस संयुक्त प्रयास से कर्मचारी कल्याण की दिशा में की गई इस पहल से सफलता मिली है। इस अभियान के तहत, एसईसीएल प्रबंधन और सतर्कता विभाग सीएमपीएफ़ओ के अधिकारियों के साथ मिलकर लंबित मामलों को तेजी से निपटाने के लिए एक कार्य योजना पर काम कर रहे हैं। निदेशक (एचआर) ने सीएमपीएफ़ओ कमिश्नर के साथ बैठक कर बेहतर समन्वय पर दिया है।

एसईसीएल निदेशक (एचआर) बिरंची दास ने हाल ही में मुख्यालय बिलासपुर में सीएमपीएफ़ओ बिलासपुर एवं जबलपुर रीज़न के कमिश्नर के साथ बैठक कर लंबित मामलों निपटान को फास्ट ट्रैक करने पर ज़ोर दिया था। साथ ही सीएमपीएफ़ओ के सी-केयर्स पोर्टल में आ रही तकनीकी समस्याओं का तत्काल समाधान को लेकर भी चर्चा की थी। पहले के समय में जारी किए जाने वाले पीपीओ (पेंशन पेमेंट ऑर्डर) में पत्नी का नाम न होने के कारण कर्मी की मृत्यु की स्थिति में पत्नी को अपना नाम पीपीओ में दर्ज करवाने के लिए अंतिम यूनिट में जाना पड़ता था जिसमें कई बारे देरी होने एवं अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इसे देखते हुए संशोधित पीपीओ जारी करना शुरू किया है जिसमें कर्मी के साथ उनकी पत्नी का नाम भी दर्ज किया जा रहा है। और कर्मियों को संशोधित पीपीओ जारी करवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। पीएफ़/पेंशन के लंबित मामलों को निपटाने के एसईसीएल एचआर विभाग, सतर्कता विभाग एवं सीएमपीएफ़ओ द्वारा कर्मियों एवं आश्रितों से सीधे संपर्क कर उनकी समस्याओं का हल किया जाएगा। कंपनी की योजना है कि संचालन क्षेत्रों में पीएफ़ मेला का आयोजन कर बड़े स्तर पर कर्मियों की समस्याओं का समाधान किया जाए।


फाइल फोटो

# काम के बहाने पंजाब भेजा, वापस नहीं आई बेटी, पुलिस से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बेला से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पीड़ित आदिवासी पिता विष्णु मंझवार ने आरोप लगाया है कि गांव का ही रहने वाला सुखनंद उरांव उसकी 21 वर्षीय पुत्री अमृता मंझवार को 8 महीने पहले एक साल के कथित एग्रीमेंट पर पंजाब भेजकर बेच दिया। विष्णु मंझवार का कहना है कि यह सब उसकी गैरमौजूदगी में हुआ और उसे इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी। जब उसने सुखनंद से बेटी के बारे में पूछा तो जवाब मिला कि बेटी को काम के लिए भेजा गया है। पिता ने बताया कि वे कई बार अपनी बेटी से संपर्क करने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन कोई बातचीत नहीं हो सकी। कुछ महीने पहले हुई आखिरी बातचीत भी बीच में ही खत्म हो गई थी। इससे परिवार के बीच डर और चिंता का माहौल है। उन्हें आशंका है कि बेटी के साथ कुछ अनहोनी हो सकती है। बालको थाना में शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से परिजनों में आक्रोश है। पिता ने मांग की है कि उनकी बेटी को सकुशल वापस लाया जाए और जिन एजेंटों व कथित ठेकेदारों ने यह सौदा किया है, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। स्थानीय प्रशासन और पुलिस से निवेदन है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द कार्रवाई करें ताकि आदिवासी समाज में विश्वास कायम रह सके।

Aasma

जिस पर विश्वास एक परंपरा है।

# आसमाँ की ज़मीन पर, रिश्तों का महल 1600 परिवारों की ख़ुशियों भरी चहल-पहल




आसमाँ से एयर स्ट्राइक
सिंदूर को मिला न्याय

जय हिन्द



आसमाँ बिल्डर्स ने आपके सपनों को साकार करने के लिए तैयार किये है पाँच तरह के ख़ूबसूरत घर. जहाँ हर ईंट में बसा है विश्वास और हर कोने में रची बसी है 1600 परिवारों की ख़ुशियाँ. आप भी आइये और अपने सपनों से घर में अपने आसमाँ का ख़ूबसूरत टुकड़ा जोड़ लीजिये.



AASMA ORCHID



AASMA TULIP



AASMA GULMOHAR



AASMA FLORA



AASMA LILY

1600 परिवारों का अटूट भरोसा

## विशेष सुविधाएँ

**गेट और सुरक्षा**
मुख्य प्रवेश द्वार पर ग्रिल्ड गेट, जहाँ पूरी सुरक्षा जाँच के बाद ही प्रवेश की अनुमति

**स्विमिंग पूल**
एक ख़ूबसूरत स्विमिंग पूल (प्रस्तावित)

**गार्डन और पार्क**
5 शानदार तरीके से मेंटेन किए गए गार्डन और पार्क

**सामुदायिक केंद्र, क्लब और जिम**
सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बहुउद्देशीय सामुदायिक केंद्र, क्लब हाउस और जिम

**शॉपिंग आर्केड**
एक सुव्यवस्थित शॉपिंग आर्केड, जहाँ रोज़मर्रा की ज़रूरत की सभी चीज़ें आसानी से उपलब्ध

### अतिरिक्त इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएँ

- 40 फीट और 30 फीट चौड़ी सीमेंटेड सड़कें, दोनों ओर हरियाली के साथ
- 24 घंटे पेयजल की आपूर्ति
- पर्यावरण-अनुकूल सीवेज और बंद ड्रेनेज सिस्टम
- पूरे परिसर के लिए अलग ट्रांसफॉर्मर
- पूरी तरह सुरक्षित प्रवेश, केवल उचित सत्यापन के बाद

आसमां रेसीडेन्सियल एनक्लेव, जैन इंटरनेशनल स्कूल के सामने, मुंगेली रोड, बिलासपुर (छ.ग.)

# आसमां बिल्डर्स एण्ड कॉलोनाइजर्स लिमि.

हेड ऑफ़िस - मुंगेली रोड, मिनोचा कॉलोनी, बिलासपुर (छ.ग.) | M.: 9984999855, 9981620000, 9755855116

## बिजनेस साइट

### एनकेएच कोरबा में ए वि फिस्टुला की सुविधा उपलब्ध



**कोरबा।** न्यू कोरबा हॉस्पिटल (एनकेएच) ने एक दिन में 9 डायलिसिस मरीजों की सफलतापूर्वक आर्टेरियोवेनस फिस्टुला (ए वि फिस्टुला) सर्जरी की है। यह उपलब्धि एनकेएच कोरबा की चिकित्सा सेवाओं में उत्कृष्टता और मरीजों के कुशल उपचार और देखभाल का प्रमाण है। लम्बे समय से जिनका डायलिसिस होता है उनको ए वि फिस्टुला बनवाने की जरुरत पड़ती है। सभी मरीजों की सर्जरी अत्याधुनिक तकनीक से की गई और अगले दिन ही स्वस्थ हालत में डिस्चार्ज भी कर दिया गया। अब मरीजों को कहीं बाहर बड़े अस्पताल जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, एनकेएच कोरबा में ये सुविधा उपलब्ध है। पिछले 10 वर्षों से अधिक समय से एनकेएच में डायलिसिस सेवाएं उपलब्ध हैं। जहां 50 हजार से अधिक सफल डायलिसिस किए जा चुके हैं। अस्पताल में 8 अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें, 5 से अधिक प्रशिक्षित डायलिसिस तकनीशियन और सहायक स्टाफ उपलब्ध हैं। हेपेटाइटिस-सी पॉजिटिव मरीजों के लिए अलग डायलिसिस सुविधा उपलब्ध है। वहीं आयुष्मान भारत कार्ड से निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा भी उपलब्ध। एनकेएच कोरबा में नफ्रोलॉजिस्ट और वेस्कुलर सर्जन अपनी सेवाएं नियमित रूप से दे रहे हैं। एनकेएच कोरबा की टीम मरीजों की सुरक्षा और तेजी से रिकवरी सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहती है, जिससे अस्पताल कोरबा सहित आसपास के क्षेत्र में किडनी और वेस्कुलर सम्बन्धित बीमारी के उपचार का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

### एके कम्प्यूटर एजुकेशन हब ने मनाया 14वीं वर्षगांठ



**कोरबा।** एके कम्प्युटर एजुकेशन हब ने अपनी 14वीं स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर संस्था द्वारा विविध आयोजन किए गए, जिनमें केक कटिंग, इनडोर गेम्स जैसे शतरंज, लूडो, कैरम आदि खेलों का आयोजन प्रमुख रहा। विद्यार्थियों ने इन खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और आनंदित हुए। संस्था के संचालक अक्षय कुमार दुबे ने कार्यक्रम की शुभारंभ करते हुए अपनी उपलब्धियों को छात्रों को बताया और बोला की आज 14 वर्ष पूरे होते तक हमारी संस्था एके विकासशील शिक्षण संस्थान के द्वारा दुरस्त ग्रामीण अंचल तक शिक्षा पहुंचाने का उद्धेश्य को पूर्ण करते हुए ग्रामीण क्षेत्र में रानी लक्ष्मी बाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं एके गुरुकुल महाविद्यालय का संचालन किया जा रहा है कई ग्रामीण बच्चों को निःशुल्क शिक्षा भी दी जा रही है साथ ही रोजगार का साधन और रोजगार दिलाने की और आगे कदम बढ़ाया जा रहा है। कार्यक्रम में गेट टुगेदर भी किया गया। इस आयोजन का संचालन संस्था के डायरेक्टर अक्षय कुमार दुबे के नेतृत्व में हुआ। साथ ही एचओडी डिंपल ठाकुर, एवं शिक्षकगण सागर दास महंत तथा पीयूष साहू उपस्थित रहे।

## भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में जनसंपर्क संगठनात्मक कार्यक्रमों पर बनी कार्ययोजना



बैठक लेते उद्योग मंत्री श्री देवांगन, भाजपा जिला अध्यक्ष एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी जिला की कोर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय एवं मजबूत बनाना, जनसंपर्क अभियानों की योजना तैयार करना, तथा सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों को प्रभावशाली ढंग से संचालित करना था। बैठक में उपस्थित सभी नेताओं ने एकमत से यह संकल्प लिया कि पार्टी के मूल संगठनात्मक आदर्शों, अनुशासन और समर्पण को कायम रखते हुए आगामी कार्यक्रमों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ क्रियान्वित किया जाएगा। बैठक में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, ननकीराम कंवर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, गोपाल साहू जिला संगठन प्रभारी, मनोज शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष, डॉ. राजीव कुमार सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, ज्योतिनंदन दुबे प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य, जोगेश लाम्बा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य, अशोक चावलानी प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य, संतोष देवांगन जिला महामंत्री भाजपा, हितानंद अग्रवाल पूर्व नेता प्रतिपक्ष उपस्थित रहे।

**खास बात**

- पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित थी बैठक

**न्यायालय तहसीलदार, कोरबा**
**जिला-कोरबा (छ0ग0)**

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0-202425550107100019
/अ-6/2024-25
ग्राम-दादरखुर्द, प0ह0नं0 21

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रामेश्वरी कंवर पति राजेश कुमार कंवर ग्राम नगरदा तहसील व जिला सक्ती छ.ग. के स्वयं की भूमि ग्राम दादरखुर्द प.ह.नं.-21 रा.नि.मं. कोरबा खसरा नं. 1124/1 रकबा 0.0405 हे. भूमि स्थित है। जिसका नामांतरण दिनांक 07.02.2024 को किया गया था, जो डुप्लीकेट आवेदन के कारण दिनांक 14.05.2024 को नामांतरण निरस्त हो गया था, जिसे पुनः नामांतरण किये जाने हेतु पंजीयन की छायाप्रति, आधार कार्ड आदि सहित भू-रा.सं. की धारा-109-110 अन्तर्गत आवेदन प्रस्तुत कर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 26.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 09.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**कोरबा**

## लमना में कॉमर्स के छात्रों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

शाउमावि लमना में कॉमर्स संकाय खुलने के बाद लगातार तीन वर्षों से कॉमर्स के बच्चों ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में अपना परचम लहराया है। इस वर्ष भी बोर्ड परीक्षा में कॉमर्स से कु गीतिका ने 82.2 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। वहीं नागेश्वर 75 प्रतिशत, आदित्य 76 प्रतिशत, सत्यम 70 प्रतिशत, नूतन 69 प्रतिशत, सरिता 66 प्रतिशत, सुमन 63 प्रतिशत अंक अर्जित किया। कु गीतिका ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्ति किया। कॉमर्स के शिक्षक सुधीर कुमार शर्मा के सहयोग और मार्गदर्शन में स्कूल खुलने से पहले ही लेखाशास्त्र, व्यवसाय अध्ययन और अर्थशास्त्र जैसे महत्वपूर्ण विषयों की तैयारी शुरू कर दी थी। श्री शर्मा के द्वारा कक्षा के अलावा भी उन्हें व्हाटसप ग्रुप पर भी टॉपिक वाइज वीडियो, स्टडी मटेरियल प्रदान करते हुए समझाया जाता था। श्री शर्मा ने व्यक्तिगत रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों छात्रों को 25 सौ रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। इस दौरान रघुनंदन, गणेश, राकेश और प्राचार्य नागदेव, सरपंच लमना चोटिया, शाला समिति अध्यक्ष तथा समस्त ग्रामवासियों ने छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

**DECLARATION**

I DUSHYANT KUMAR SHARMA, son of Shri RADHESHYAM SHARMA residing at H.No. 08, Mool Basti, Vill-BOIDA, Tah. PALI, Distt. KORBA (C.G.) Date of Birth 08.07.1980 being an applicant for issue of passport, do hereby solemnly affirm and state the following :

1. That the names of my parents and spouse are as follows:

(i) Father: RADHESHYAM SHARMA (ii) Mother NARAYANI SHARMA (ii) Wife SHWETA SHARMA

2. That I am a continuous resident at the above mentioned address from SINCE BIRTH 3. My father's correct name is RADHESHYAM SHARMA. However, in my existing passport. it is mentioned as RADHESHYAM SHARMA. Both refer to the same person. He is Deceased now. 3. That I am a citizen of India by birth/descent/registration/naturalization and that I have neither acquired the citizenship of another country nor have surrendered or been terminated/ deprived of my citizenship of India. 4. That I have not, at any time during the period of five years immediately preceding the date of this declaration, been convicted by any court in India for any offence involving moral turpitude and sentenced in respect thereof to imprisonment for not less than two years. 5. That no proceedings in respect of any criminal offence alleged to have been committed by me are pending before any criminal court in India. 6. That no warrant or summons for my appearance, and no warrant for my arrest, has been issued by a court under any law for the time being in force, and that my departure from India has not been prohibited by order of any such court. 7. That I have never been repatriated from abroad back to India at the expense of Government of India/l Was repatriated from abroad back to India at the expense of Government of India, but reimbursed expenditure incurred in connection with such repatriation. 8. That I will not engage in activities prejudicial to the sovereignty and integrity of India. 9. That my departure from India will not be detrimental to the security of India. 10. That my presence outside India will not prejudice the friendly relations of India with any foreign country.

Place: HardiBazar Date : 10.05.2025

**DUSHYANT KUMAR SHARMA**




## कोरबा मार्केट













जिंदगी की पहली टीचर होती है मां
जिंदगी की पहली दोस्त होती है मां
जिंदगी भी मां क्योंकि
जिंदगी देने वाली भी होती है मां।

मां... एक ऐसा शब्द जिसमें पूरी दुनिया समा जाती है। मां की ममता और उनके त्याग की व्याख्या करना किसी के लिए आसान नहीं। वैसे तो मां के लिए हर दिन खास होता है, लेकिन मदर्स डे एक ऐसा अवसर होता है जब हम अपने प्यार को शब्दों में ढाल कर उन्हें शुक्रिया कह सकते हैं।
हर साल मई के दूसरे रविवार को दुनियाभर में मातृ दिवस यानी मदर्स डे (Mother's Day) मनाया जाता है। यह दिन हर मां की निःस्वार्थ ममता, सेवा और प्यार को सम्मान देने के लिए खास तौर पर मनाया जाता है। इस साल मदर्स डे 11 मई 2025 को है। इस खास मौके पर बच्चे अपनी मां के लिए प्यार भरे तोहफे, सरप्राइज या फिर भावनात्मक मैसेज तैयार करते हैं।









## खबर संक्षेप



### सिस्टा कार्यालय कुसमुण्डा का हुआ उद्घाटन

**कुसमुण्डा।** कोल इंडिया एसटी, एससी एम्पलाई एसोसिएशन कुसमुंडा क्षेत्र का शनिवार को शाम 7 बजे कार्यालय की रिनोवेशन पश्चात उद्घाटन किया गया। जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती सुनीता पाटले एवं अखिल भारतीय परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र कुमार खुंटे के द्वारा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सिस्टा कुसमुण्डा अध्यक्ष डैनी चेलक व केपी पाटले महासचिव सिस्टा के साथ-साथ पूरा सिस्टा परिवार उपस्थित रहे।

### संघ की हरदीबाजार इकाई की बैठक



**हरदीबाजार।** श्रमजीवी पत्रकार संघ की हरदीबाजार इकाई की बैठक शुक्रवार को जेपी शोरुम में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शशिकांत डिक्सेना ने की। बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए वर्तमान पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष राजाराम राठौर, उपाध्यक्ष विनोद उपाध्याय, सचिव निलेंद्र राठौर, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र राठौर, सहसचिव प्रमोद राठौर और संरक्षक जगदीश अग्रवाल और बाबूराम राठौर शामिल हैं। जिलाध्यक्ष शशिकांत डिक्सेना ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी सदस्यों का सहयोग आवश्यक है। बैठक में पत्रकारों की समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की गई। इसमें पत्रकारों के लिए कल्याणकारी योजनाओं और उनके कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों पर भी चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन की गतिविधियों को और अधिक विस्तार दिया जाएगा और पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

### दो आरोपियों के कब्जे से 48 लीटर महुआ शराब जब्त

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश और सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती आशा सिंह के मार्गदर्शन में 10 मई को डॉ सुकांत पांडेय आबकारी उपनिरीक्षक आबकारी वृत्त दीपका द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना प्राप्त हुई की ग्राम बावापारा में नाले के किनारे कुछ लोग अवैध महुआ शराब निर्माण कर रहे है।सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए टीम द्वारा ग्राम बावापारा में नाले किनारे दबिश दी गई। आबकारी स्टाफ को देख कर शराब निर्माणकर्ता भागने लगे जिन्हें पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों में बोदलपारा निवासी कृष्णा पिता उदल सिंह एवं शिवपुर निवासी दीनदयाल पिता कार्तिक राम को गिरफ्तार किया गया है। तत्पश्चात घटनास्थल की तलाशी लेने पर 3 चढ़ी हुई भट्टियां जिनमें मदिरा निर्माण किया जा रहा था के साथ कुल 48 लीटर महुआ शराब एवं 340 किलो महुआ लाहन बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क,च),34(2) 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय जेएमएफसी कटघोरा में पेश कर न्यायिक रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्राइम मिनिस्टर नेशनल अप्रेंटिशिप मेला कल

**कोरबा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में अप्रेंटिसशिप योजनांतर्गत 13 मई को प्राइम मिनिस्टर नेशनल अप्रेंटिशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि जिला अंतर्गत सभी उद्योगों, प्रतिष्ठानों एवं आई.टी.आई. उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों का नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम में पंजीयन किया जाना है। अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योग/प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि एवं आई.टी.आई. उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में 13 मई को प्रातः 9 बजे, उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं।

## किसान सामने आ रहे दलहन की फसल लेने

# खेती के रकबे में धीरे धीरे दलहन का बढ़ रहा दायरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में धान की फसल के बाद दलहन की फसल ज्यादा उत्पादन वाली दूसरी फसल होगी। पिछले कुछ समय से खेती में लगातार आधुनिक तरीके का उपयोग करने के कारण किसानों में दलहन उत्पादन के प्रति रुझान बढ़ा है। जिले के ग्रामीण अंचलों में दलहन उत्पादन में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। कृषि विभाग भी इसके लिए किसानों को प्रशिक्षित भी कर रहा है।

मिट्टी परीक्षण की सुविधा मिलने के साथ अंचल के किसानों को कृषि के नए नए तरीकों से प्रशिक्षित किया जाने लगा है। परिणाम स्वरुप कृषकों की संख्या बढ़ी है। पूर्व में खेतों के समीप रिक्त पड़ी बंजर भूमि को भी कृषक अब खेत बनाने लगे हैं और उसमें भी फसल लेने लगे हैं। जिससे धान के बाद दलहन जैसी फसल का दायरा बढ़ने का प्रमुख कारण माना गया है। वहीं दूसरी ओर खेतों के मिट्टी परीक्षण हेतु विभाग द्वारा ग्रामीण अंचलों में शिविर लगाए गए उससे भी किसानों को मिट्टी की उपजाऊपन के अनुसार फसल लगाने की जानकारी मिली। पूर्व में किसानों को इस तरह की जानकारी नहीं होने से किस खेत में किस तरह की फसल ली जाती है इससे अंचल के किसान अनभिज्ञ थे। ऐसे किसानों को शिविर लगाकर प्रशिक्षित किया गया है और दलहन की फसल के प्रति जागरुक किया गया।

**खास बात**

- धान के बाद दलहन ज्यादा उत्पादन वाली दूसरी फसल होगी




**वनभूमि में भी पैदावार**

किसानों को वन अधिकार पत्र मिलने के बाद उनके द्वारा धान की फसल कटाई किए जाने के उपरांत खाली पड़े खेत में अन्य फसल लेने की शुरुआत की है। वन भूमि की फसल सरकार द्वारा खरीदा जा रहा है जिससे धान का रकबा बढ़ा है और ऐसी ही वन भूमि में दलहन जैसी फसल लेने के कारण उसका दायरा भी बढ़ गया है।

**फसल पैदावार विवरण**

| फसल का नाम | 2024 | 2025 (हेक्टयर में) |
|---|---|---|
| अरहर | 5741 | 6089 |
| मूंग | 1022 | 1220 |
| उड़द | 3804 | 4012 |
| कुलथी | 2188 | 2255 |
| दलहन | 12755 | 13576 |

## भीषण गर्मी में खाली है प्याऊ घर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के दो महिला मंडलों द्वारा शुरू किए गए प्याऊ अब खाली पड़े हैं। इन प्याऊ में न पीने का पानी है और न ही कोई देखरेख करने वाला मौजूद है। भीषण गर्मी में भी लोग इसका फायदा नहीं उठा पा रहे है। स्थानीय दुकानदार जयकुमार बारेठ का रहना है कि शुरुआत में कुछ दिन पानी की व्यवस्था थी। लेकिन अब प्याऊ पर केवल बोर्ड लगा हुआ है। मानिकपुर चौक के पास दुकान चलाने वाले खेम सिंह ने बताया कि सामाजिक संगठन ने बड़े उत्साह से इसका उद्घाटन किया था। लेकिन अब राहगीरों को गर्मी में पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। राहगीरों का कहना है कि हर कोई पैसे देकर बोतल का पानी नहीं खरीद सकता। प्याऊ चालू रहता तो लोगों को राहत मिलती। उद्घाटन के समय इस जगह को सजाया गया था और बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। लोगों को लाभ पहुंचाने की बात कही गई थी। लेकिन अब यह सुविधा सिर्फ दिखावे की साबित हो रही है।

# छात्रों को नवाचार पद्धति से सिखाया गया कृषि को व्यवसाय से जोड़ने का तरीका



किसानों को नवाचार पद्धति सिखाते हुए कृषि वैज्ञानिक।

**खास बात**

- कृषि उद्यमिता विकास पर आयोजित हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कटघोरा में सतत नए कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्र-छात्राओं के उत्थान तथा समावेशी विकास हेतु नए-नए कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी कड़ी में कृषि महाविद्यालय में आयोजित छात्रों को नवाचार पद्धति से कृषि को व्यवसाय से जोड़ने का तरीका सिखाया गया।

कार्यशाला में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के प्रमुख वैज्ञानिक एवं प्रोफेसर डॉ हुलास पाठक विभागाध्यक्ष कृषि व्यवसाय प्रबंध एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत रफ्तार स्कीम आर ए बी आई के तहत कृषि से जुड़े हुए छात्रों एवं युवाओं के लिए नवाचार पर प्रशिक्षण प्रदान करते हैं तथा छात्रों को उनके नए आइडिया के साथ स्टार्टअप भी देते हैं जिसमें आवश्यकता अनुसार फंडिंग की भी व्यवस्था किया जाता है। इसी कड़ी में डॉ हुलास पाठक का कृषि छात्रों के बीच में नवाचार में कृषि उद्यमिता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य वक्ता एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में आना हुआ । जिसमें सर्व प्रथम उनका स्वागत कार्यकारी अधिष्ठाता डॉ दुष्यंत कौशिक ने पुष्प गुच्छ भेट कर किया साथ ही कु निशा एवं लैब तकनीशियन साइना सिद्दीकी द्वारा किया गया। कार्यशाला में डॉ हुलास पाठक ने सभी छात्रों से उनके विषय तथा नवाचार एवं एंटरप्रेन्योरशिप के संबंध में जानकारी ली एवं प्रशिक्षण के दौरान उनका नए-नए आइडिया और विचार कैसे आते हैं और उन पर कैसे आगे बढ़कर काम किया जाता है इसके विषय में विस्तृत जानकारी दी। छात्रों के द्वारा स्टार्टअप के संबंध में बहुत सारे शंका का निराकरण भी डॉ पाठक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के नवाचार के विषयों पर चर्चा की गई तथा छात्रों ने कृषि से जुड़े कई सारे नवाचार पर जानकारी प्राप्त किया कार्यक्रम उपरांत छात्रों ने स्वयं में आत्म विश्वास को बढ़ा हुआ पाया। डॉ दुष्यंत कौशिक ने कार्यशाला के उपरांत प्रोफेसर पाठक को कृषि महाविद्यालय में अध्ययनरत चतुर्थ वर्ष में पंजीकृत छात्रों के लिए तैयार किया गया मधुमक्खी पालन इकाई को दिखाया गया एवं वहां से मधु रस निकलना, मधुरस के अतिरिक्त अन्य उत्पाद तैयार करना और बी हाइ कैसे निकाला जाता है इस पूरी प्रक्रिया को सजीव प्रदर्शन कर विस्तृत रूप से समझाया गया।

# जनता की जरूरतों और शहर के विकास में हो रहा हर मद का शत प्रतिशत उपयोग : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनता की सेवा और क्षेत्र का समग्र विकास मेरी प्राथमिकता है। विकास कार्यों का यह सिलसिला जनता के विश्वास और समर्थन से ही संभव हो पाया है। श्री देवांगन ने नगर निगम के कोसाबाड़ी जोन अंतर्गत डींगापुर और खरमोरा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 1.18 करोड़ की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

मंत्री श्री देवांगन ने विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन कर जनता को क्षेत्र के विकास की नई सौगातें दीं। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए उनके प्रयास लगातार जारी रहेंगे। इन विकास कार्यों से क्षेत्र के नागरिकों को सुविधाजनक और बेहतर जीवनस्तर प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में तेज गति से विकास कार्य किए जा रहे हैं। जिले की जनता को मांगने की जरूरत नहीं है। वे कोरबा की आवश्यकताओं को भली-भांति जानते हैं। कोरबा शहर को उसके गौरव के अनुरूप की तरक्की हो, उसके लिए हरसंभव कार्य करेंगे। अभी जो कार्य प्रारम्भ किए जा रहे हैं वे पिछले वित्तीय वर्ष की है। इस वित्तीय वर्ष के करोड़ों के स्वीकृत विकास कार्य भी आने वाले दिनों में प्रारम्भ होंगे। इस अवसर पर पार्षद अजय गोंड ने कहा कि विधानसभा चुनाव से लेकर अब तक बीते डेढ़ साल से नगर विधायक और कैबिनेट मंत्री द्वारा जितने भी वादे वार्डों, आम लोगों से, विभिन्न सामाजिक संगठनों से किए गए थे, वे तेजी से धरातल पर उतरने लगे हैं। विकास कार्यों को शुरू कराकर जल्द पूर्ण भी कराए जा रहे हैं। इसके अलावा मंत्री श्री देवांगन ने शहर के सभी वार्डों के छोटे से लेकर बड़े कार्यों का रोडमैप तक तैयार रखा है। इस अवसर पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आरिफ ख़ान, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद प्रताप सिंह कंवर, पार्षद अजय गौंड, लक्ष्मण श्रीवास, प्रकाश अग्रवाल, डॉ के के लहरे, दिनेश वैष्णव, पूर्व पार्षद बलराम विश्वकर्मा, सुशील गर्ग, कोरबा मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, ललेश दुबे भी उपस्थित रहे।

**खास बात**

- उद्योग मंत्री ने कोसाबाड़ी जोन के तीन वार्डों में 1.18 करोड़ की लागत से होने वाले विकास कार्यों की रखी नींव



विकास कार्यों का भूमिपूजन करते उद्योग मंत्री श्री देवांगन एवं अन्य।

**इन विकास कार्यों का भूमिपूजन**

डिंगापुर सामुदायिक भवन के पास आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में कोसाबाड़ी जोन के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 32 अंतर्गत मेन रोड़ से सामुदायिक भवन तक सीसी रोड़ एवं नाली निर्माण लागत राशि 14 लाख रूपए, बैगीनडभार बस्ती में कलेक्ट्रेट एटीएम तक पेवर ब्लॉक बिछाने का निर्माण कार्य स्वीकृति राशि 36 लाख रूपए, डिंगापुर भगत समाज मुक्तिधाम में बॉड्री वाल निर्माण लागत 10 लाख रूपए, चंद्रभूषण घर से लल्लन वर्मा घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य 7 लाख रूपए, शासकीय उच्चतर माध्यमिक पीडब्ल्यूडी रामपुर कोरबा में साईकल स्टैंड का निर्माण स्वीकृत राशि 6.30 लाख, गोकुल नगर हाउसिंग बोर्ड जगन्नाथ मंदिर के पास भूमिपूजन कार्य में शामिल होंगे। इनमें वार्ड क्रमांक 35 शांति विहार मोहल्ला में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य स्वीकृत राशि 12 लाख, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल दादरपुर में सायकल स्टैंड का निर्माण कार्य राशि 6.30 लाख, खरमोरा रूद्र नगर नचेनदास साहू के घर से बसंत खरे तक, चेतन श्रीवास घर से मनोज पटेल घर तक एवं देव जायसवाल घर से पाल सिंह कंवर घर तक पीव्हीसी पाईप लाईन बिछाने का कार्य स्वीकृत राशि 12.19 लाख रूपए, गोकुलनगर हाउसिंग बोर्ड जगन्नाथ मंदिर के पास शेड एवं आहर्ता निर्माण स्वीकृत राशि 5 लाख की लागत से कार्य होंगे।

# प्याऊ घरों का संचालन : स्काउट्स, गाइड्स को मिला प्रशस्ति पत्र



स्काउट गाइड्स को पुरस्कृत करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक माह तक प्याऊ घरों का संचालन तथा 1 मई को आयोजित साइकिल संदेश रैली के प्रतिभागी स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स, लीडर्स को प्रशस्ति पत्रों का वितरण किया गया। 10 मई को शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल साडा में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी क्लब ऑफ कोरबा के अध्यक्ष मुकेश जैन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रोटरी क्लब ऑफ कोरबा के उपाध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, सचिव धमेन्द्र जैन, पूर्व अध्यक्ष पारस जैन उपस्थित रहे। सहायक राज्य आयुक्त (गाइड) पुष्पा शांडिल्य, जिला सचिव भरत सिंह वर्मा भी मंचासीन थे। कोरबा शहर में दो स्थानों तथा कटघोरा, पोड़ी उपरोड़ा, पाली, करतला में एक- एक स्थान पर 9 अप्रेल से 9 मई तक प्याऊ घर का संचालन किया। कोरबा शहर में रोटरी क्लब ऑफ कोरबा ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष मुकेश जैन ने कहा कि जिले में स्काउट गाइड के माध्यम से कई सामाजिक और रचनात्मक कार्य किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब अपना सहयोग प्रदान करता रहेगा। जिला मुख्य आयुक्त श्री शेख ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन डीओसी (स्काउट) डीगम्बर सिंह कौशिक तथा संयोजन डीओसी (स्काउट) उत्तरा मानिकपुरी ने किया। अतिथियों के हाथों प्याऊ घरों के संचालन में सहयोग करने वाले तथा 1 मई को पर्यावरण एवं जल संरक्षण को लेकर आयोजित साइकिल संदेश रैली के प्रतिभागी स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स, लीडर्स को प्रशस्ति पत्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पांचो विकासखंड के पदाधिकारी, लीडर्स, रोवर्स, रेंजर्स, सीनियर स्काउट्स, गाइड्स की उपस्थिति रही।

# लायंस स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित



उत्कृष्ट छात्र छात्राओं के साथ शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई, जिसमें लायंस इंग्लिश हायर सेकण्ड्री स्कूल सीतामणी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10वीं की छात्रा कु. ऐंजल पटेल प्रथम 96.50 प्रतिशत, प्रियांश शर्मा द्वितीय 95.67 प्रतिशत एवं कु. वंशिका गुप्ता ने तृतीय स्थान 95.33 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय से गीतांजली साहू प्रथम 83.2 प्रतिशत, अंजली गुप्ता द्वितीय 80.6 प्रतिशत, अरूण कुमार खैरवार तृतीय 70.6 प्रतिशत एवं वाणिज्य संकाय से चंचल साहू प्रथम 93.4 प्रतिशत, उन्नति सिंह गोंड द्वितीय 83.6 प्रतिशत, हर्षिता मानिकपुरी तृतीय स्थान 83.4 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। लायंस क्लब ऑफ के अध्यक्ष ला. रोहित राजवाडे, विद्यालय के चेयरमेन एमजेएफ ला. राजकुमार अग्रवाल (श्वेता), सचिव ला. मीना सिंह, ला. मधु पाण्डेय, ला. एसके अग्रवाल, प्राचार्य जीआर हंस उपस्थित थे।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन



डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ

● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

## भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का विशेष आपातकालीन तैयारी प्रोटोकॉल

# ऑपरेशन सुरक्षा कवच के जरिए नागरिक सुरक्षा की दी जाएगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला द्वारा तैयार कार्यक्रम ऑपरेशन सुरक्षा कवच के तहत आपातकाल की स्थिति में आपदा प्रबंधन का क्रियान्वयन कैसे किया जाए, इसकी जानकारी आम नागरिकों की दी जाएगी। इसके लिए एक कार्ययोजना तैयार की गई है। आपातकालीन स्थिति में सेवाकार्य की भी योजना बनाई गई है।

शनिवार को राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव के निर्देशानुसार एक बैठक का आयोजन किया गया। जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में ऑपरेशन सुरक्षा कवच नामक कार्यक्रम तैयार किया गया तथा कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय क्विक एक्शन टीम का गठन किया गया। इस टीम के संयोजक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला सचिव भरत सिंह वर्मा होंगे। टीम में जिला संयुक्त सचिव रेखारानी लाल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गनेशी सोनकर, गाइड केप्टिन पुष्पा शांडिल्य, रेणु श्रीवास्तव, रोवर लीडर राजीव साहू, जगन्नाथ सिंह नेताम, जिला युवा समिति के अध्यक्ष पप्पू चन्द्रा को सम्मिलित किया गया है। टीम को अन्य लीडर्स, रोवर्स, रेंजर्स सहयोग करेंगे। क्विक एक्शन टीम 13 से 25 मई के बीच ऑपरेशन सुरक्षा कवच के तहत आपातकाल की स्थिति में आपदा प्रबंधन का क्रियान्वयन कैसे किया जाए, इसकी जानकारी नागरिक समूहों की दी जाएगी। गौरतलब है कि संभावित युद्ध के दौरान आपातकाल जैसी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा एक विशेष आपातकालीन तैयारी प्रोटोकॉल जारी किया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स तथा लीडर्स से सेवाकार्य हेतु तत्पर रहने की अपील करते हुए आम नागरिकों को आपदा प्रबंधन की जानकारी से अवगत कराने कहा है। बैठक में सहायक राज्य आयुक्त (गाइड) पुष्पा शांडिल्य, जिला सचिव भरत सिंह वर्मा, डीओसी द्वय डीगम्बर सिंह कौशिक, उत्तरा मानिकपुरी सहित पांचो विकासखंड के पदाधिकारीगण, जिला युवा समिति के पदाधिकारी, लीडर्स तथा रोवर्स, रेंजर्स की उपस्थिति रही।



कार्यक्रम में उपस्थित स्काउट गाइड

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780